मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-75
22/01/2023

# त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल सिद्धेश्वर प्रसाद के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

पटना, 22 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल सिद्धेश्वर प्रसाद के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सिद्धेश्वर प्रसाद ने केन्द्र एवं बिहार में मंत्री तथा त्रिपुरा के राज्यपाल के रूप में अपनी जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया था। वे हमेशा संसदीय लोकतंत्र की मजबूती की बात करते थे। उनसे हमारा पुराना एवं व्यक्तिगत संबंध रहा है। वे तीन बार नालंदा से सांसद रहे थे। राजनीति में आने से पहले वे नालंदा कॉलेज में प्राध्यापक भी थे। उनके निधन से राजनीतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है। उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******